प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. वाराणसी में दो दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन आज हुआ शुरू : केन्द्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, गजेन्द्र सिंह शेखावत और डॉ0 वीरेन्द्र कुमार ने युवाओं को किया संबोधित।
2. केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिये नशा मुक्त युवा के महत्व पर दिया बल।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित जनपदों में राहत काम संचालित करने के दिये निर्देश : कहा– आपदा से जनहानि और पशु हानि से प्रभावित लोगां को तत्काल राहत राशि कराई जाये उपलब्ध। और
4. श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने कहा– अयोध्या में इस साल के अन्त तक पूरा मंदिर बनकर हो जायेगा तैयार।

———————————

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नशा मुक्त युवा के महत्व पर

बल दिया है। आज वाराणसी में युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री मंडाविया ने लोगों से राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देने और नशा मुक्त भारत अभियान में शामिल होने का आह्‌वान किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में अपने साथ कम से कम पांच युवाओं को जोड़ने का संकल्प लेने की अपील भी की। बाइट....

*हर युवा पाँच युवाओं को नशा मुक्त अभियान के साथ जोड़ सकता है। जो व्यक्ति नशे की लतसे जड़ेहुए हैं तो नशा पर मुक्ति कैसे पाए उसके लिए सामाजिक अभियान के तौर पर हम उसकोसमझा सकते हैं। आज की तीन दिन का हमारा चिंतन का मतलब ये हैहम सब लोग सामूहिकतौर पर एक संकल्प करें एक कार्ययोजना बनायें ये कार्ययोजना पांच साल तक केइम्पलीमेंट करके विकसित भारत में युवाओं को नशा मुक्तहो के अपना कान्ट्रीब्यूशन करने को प्रेरित करें।*

इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि हमारा विभाग युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को धरातल पर उतारने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बाइट....

*युवाओं की शक्ति को सकारात्मक दिशा में ले जाने का जो नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के माध्यम से जो प्रयास किया गया है, उसमें केवल भारत सरकार के मंत्रालय ही नहीं, राज्य सरकार का भी सहयोग चाहिये होगा। इसको सामाजिक, आध्यात्मिक संगठनों का भी सहयोग चाहिये। इसमें हमारे धर्मगुरुओं का भी सहयोग चाहिये, तब कहीं जाकर अपने युवाओं की ताकत को जो है, एकत्रित करने सही दिशा में ले जाकर करके देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी जो विकसित भारत*

*का सपना लेकर 2047 में साथ जायेंगे तो आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत के सपने को साकार करने में हमारी युवाओं की भूमिका को सशक्त रूप से जोड़ा जाये।*

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के बाद भारत की सांस्कृतिक विरासत को रोकने के जो प्रयास हुए थे, इससे विभिन्न संस्थाएं सामाजिक कार्यो से विमुख हुई थी, लेकिन अब समय बदल गया है और सम्मेलन में प्रतिभाग कर रही संस्थाएं और युवाओं की भागीदारी से सांस्कृतिक विरासत को और अधिक मजबूत करने और नशे जैसी महामारी को दूर करने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि काशी घोषणा पत्र निश्चित रूप से विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा के संकल्प को पूरा करेगा। बाइट.....

*पूरे देश भर की बड़ी–बड़ी महत्वपूर्ण संस्थाओं को चाहे आध्यात्मिक को या सामाजिक या सांस्कृतिक हो सबको बुलाकर एक सम्मेलन किया गया है इसका बहुत ही अच्छा परिणाम आएगा और सरकार एक साथ प्रयास में लगी है खास करके कई मंत्रालय और यह दायित्व दिया गया है सब मिलकर नशा मुक्त भारत अभियान में लगे हैं जरूर सफलता मिलेगी। आज के इस सम्मेलन का जो घोषणा पत्र है वह काशी घोषणा पत्र के नाम से ही जाना जाएगा और काशी घोषणा पत्र अपने इस मिशन में कामयाब होगा।*

सम्मेलन में केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर भी मौजूद थे।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा  विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर आयोजित इस दो

दिवसीय शिखर सम्मेलन में देश भर के 100 आध्यात्मिक और सामाजिक–सांस्कृतिक संगठनों के 500 से अधिक युवा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करना है। इसका समापन कल काशी घोषणा पत्र के विमोचन के साथ होगा। यह दस्तावेज़ नशामुक्त भारत के निर्माण के लिये एक व्यापक कार्य योजना पेश करेगा।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी–बारिश, ओलावृष्टि को देखते हुए सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता स राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिये हैं। श्री योगी ने कहा है कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें और राहत कामों पर नज़र रखें। प्राकृतिक आपदा से होने वाली जनहानि और पशुहानि होने पर प्रभावितों को तत्काल राहत राशि दी जाए। साथ ही घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। वहीं लखनऊ राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार प्रदेश में भारी बारिश और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के चलते बीते 12 घंटों में 10 लोगों की मौत हुई है। महोबा, चित्रकूट और बिजनौर में 9 लोगों की डूबने से जबकि प्रयागराज में एक व्यक्ति की सांप के काटने के कारण मृत्यु हो गई।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए प्रदेशभर में मिशन अस्मिता चलाया जा रहा है। आज लखनऊ में मीडिया स बातचीत करते हुए डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने अवैध धर्मांतरण का रैकेट चलाने वाले एक और गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में विभिन्न राज्यों से दस आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

———————

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि मंदिर निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है और इसी वर्ष दिसंबर तक पूरा मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। अपने अयोध्या दौरे में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री मिश्र ने बताया कि राम मंदिर परिसर के किनारे 45 करोड़ की लागत से हाईटेक बाउंड्री वॉल, संग्रहालय और लाइटिंग

प्लान को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर की 4 किमी लंबी बाउंड्री वॉल के निर्माण का कार्य अगले 15 दिन में शुरू हो जाएगा। सुरक्षा के लिए इसमें अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण, सेंसर और वॉच टावर लगाए जायेंगे।

———————

प्रदेश में सावन के दूसरे सोमवार के मद्देनजर कांवड़ियों की सुविधा के लिये विभिन्न जिलों में प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कई जिलों में यातायात व्यवस्था बदली गयी है। एक रिपोर्ट....

*प्रदेश में कांवड़ यात्रा को देखते हुए कई राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर भारी वाहनों का प्रवेश सोमवार की देर शाम तक के लिये रोक दिया गया है। साथ ही प्रमुख शिव मंदिरों को जाने वाली सड़कों पर गाड़ियों का रूट बदला गया है। कांवड़ यात्रा के चलते आज से 23 जुलाई तक बस्ती–अयोध्या हाईवे पर वाहनों के आने–जाने पर रोक रहेगी। इस दौरान लखनऊ से आने वाले वाहनों को बाराबंकी से जरवल रोड होते हुए और अयोध्या से आने वाले वाहनों को कटरा की तरफ डायवर्ट किया गया है। वहीं गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाली गाड़ियों को खलीलाबाद की तरफ डायवर्ट किया गया है। मेरठ में टैफिक डायवर्जन लागू कर दिया गया है, जिसके तहत गाजियाबाद से उत्तराखण्ड, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर या बिजनौर जाने वाले भारी वाहनों को डायवर्ट कर संचालित किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————

मथुरा में यमुना एक्सप्रेस–वे पर कल देर रात हुए दो अलग अलग सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गये हैं। घटना उस वक्त

हुई जब निजी कार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार 6 लोगों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आगरा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरे हादसे मं एक बस पलटने से करीब 20 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

———————

प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी ने कल नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में अपनी फीचर फिल्म, डेला–बेला बदलेगी कहानी का प्रीमियर आयोजित किया। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा कि वेव्स ओटीटी देश का एकमात्र सार्वजनिक सेवा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है जो विरासत को डिजिटल नवाचार के साथ जोड़ता है। बाइट....

*वेव्स ओटीटी दुनिया का एक अलग से ओटीटी है जिसमें कि आपको मनोरंजन मिलेगा। देश के सभी न्यूज चैनल आपको मिलेंगे। इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आपको रेडियों के हमारे सारे स्टेंशन मिलेंगे। इस पर ऑनलाइन शॉपिंग की भी सुविधा है और सबसे बडी बात है कि यह बिलकुल फ्री है निःशुल्क है आप फ्री डाउनलोड कर सकते हैं, फ्री देख सकते हैं।*

———————

प्रदेश में रुक रुक कर बारिश से विभिन्न नदियों का जलस्तर तेज़ी से बढ़ रहा है। प्रयागराज में गंगा और

यमुना के जल स्तर में हो रही लगातार बढ़ोत्तरी को देखते हुए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। मौसम विभाग ने राज्य के पूर्वांचल में आज से अगले तीन दिनों तक कहीं कहीं गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है, जबकि इसी दौरान पश्चिमी जिलों में कहीं–कहीं हल्की और कुछ स्थानों पर भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं हैं।

(समाप्त)